हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 28 मई 2024


**तापमान**

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 32.0 डिग्री


11 हरियाली पर चल रही कुल्हाड़ी काटे जा रहे पेड़, जिम्मेदार मौन





12 बच्चों ने पर्यावरण पार्क का किया भ्रमण औषधीय पौधों के बारे में ली जानकारी







# नौतपा के तीसरे दिन खूब तपा सूरज, 43 डिग्री तापमान, सड़कें सुनसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नौतपा के तीसरे दिन तापमान 43 डिग्री तक पहुंच गया। सातवें आसमान पर चढ़े तापमान और तपती धूप को देखकर लोग दोपहर को सड़कों पर निकलने के बजाए छांव वाली जगह ढूंढ कर तापमान कम होने का इंतजार करते दिखे।

यही वजह रही कि सोमवार को दोपहर के समय नेशनल हाईवे सहित कई मुख्य मार्ग वीरान नजर आए। सड़कों पर गिनी चुनी गाड़ियां ही दिखीं। दोपहिया वाहन चालक बहुत कम नजर आए, हालांकि बंद गाड़ियां जिनमें एयर कंडीशनर लगा रहता है, वे गाड़ियां ही ज्यादा देखने को मिलीं। नौतपा की इस भीषण गर्मी में यात्री बसों में भी सफर करना लोगों के लिए मुश्किल हो गया है, क्योंकि यात्री बसों में बैठने के लिए लगे कुर्सियों से भी अधिक यात्रियों को ठूंस-ठूंसकर भरा जा रहा है, यानि कि क्षमता से अधिक यात्रियों को बसों में बैठाया जा रहा है, जिसके कारण यात्रियों को उमस भरी गर्मी के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**खास बातें**

- तेज धूप और भीषण गर्मी से जनजीवन प्रभावित
- बहुत जरूरी होने पर ही घरों से निकले लोग



### बसों में सफर के दौरान भी परेशानी

सबसे बड़ी बात तो यह है कि यात्री बस चालकों द्वारा जगह-जगह रुक कर सड़क किनारे से यात्रियों को बस में बैठाया और उतारा जाता है। जिसके कारण यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी समय लग जाता है और उन्हें उमस भरी गर्मी के साथ अन्य कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नौतपा का दौर चल रहा है, अभी छह दिनों का और समय लोगों को भीषण गर्मी झेलनी पड़ेगी। हालांकि नौतपा के समाप्त होने के बाद तापमान में गिरावट आने की संभावना है और नौतपा के बाद मानसून का इंतजार रहेगा।

### बालोद रेलवे स्टेशन पर ताड़ोकी-रायपुर ट्रेन का इंतजार कर रहे यात्री हुए परेशान

# ट्रेन के इंतजार में बैठे रहे यात्री पहुंचने के समय पता चला रद्द है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में यात्रियों के आवागमन के लिए बेहतर सुविधा का साधन रेल को माना जाता है, जिससे ज्यादा दूरी कम पैसा की लागत से तय की जा सकती है और इसकी कनेक्टविटी भी बहुत ही ज्यादा फैली हुई है। इसके कारण लोग रेलगाड़ी के माध्यम से सफर कर अपनी मंजिल को पहुँचना चाहते हैं, लेकिन जब यात्रा के दौरान रेलवे ही धोखा दे दे, तो यात्री किस पर भरोसा करें।

- 3 बजे पहुंचने वाली ट्रेन का इंतजार करने वाले भी हुए परेशान, 4.30 पर पहुंची

कुछ ऐसा ही हुआ बालोद रेलवे स्टेशन में रेल का इंतजार कर रहे लोगों के साथ। मिली जानकारी के अनुसार दोपहर लगभग 12 बजे ताड़ोकी से रायपुर के लिए जाने वाली पैसेंजर ट्रेन जो दल्ली और बालोद से होकर गुजरने वाली थी, रद्द कर दी गई। सैकड़ों यात्री ट्रेन का इंतजार कर रहे थे, लेकिन अचानक दोपहर लगभग 12 बजे रेलवे विभाग के कर्मचारी द्वारा अलाउंस किया गया कि गाड़ी क्रमांक 08834 रद्द हो चुकी है। उसके बाद यात्रियों में हलचल मच गई। क्योंकि अधिकांश यात्रियों ने टिकट काउन्टर से टिकट ले लिया था। वहीं, बहुसंख्यक लोग ऑनलाइन टिकट बुक कर सफर करने रेलवे स्टेशन पहुँचकर रेल गाड़ी के आने का इंतजार कर रहे थे।

लेकिन रेलगाड़ी नहीं आने की खबर ने उन्हें परेशान कर दिया और उन्हें वापस घर जाना पड़ा। वहीं, कई यात्री दोपहर 3 बजे दुर्ग जाने वाली ट्रेन का घंटों इंतजार करने लगे। लेकिन यह इंतजार और लंबा हो गया, क्योंकि दोपहर 3 बजे आने वाली ट्रेन भी लगभग 4.30 को रेलवे स्टेशन बालोद पहुँची। इस तरह यह ट्रेन भी लगभग डेढ़ घंटे लेट पहुँची, जिसके बाद लोगों ने अपना सफर प्रारम्भ किया।



### यात्रियों ने कहा 12 बजे दी गई सूचना

यात्रियों की मानें, तो दोपहर 12 बजे ही रेलवे कर्मचारी द्वारा सूचना आदेश चस्पा किया गया, जिसको लेकर यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों के बीच तू-तू मैं-मैं के साथ बहस बाजी शुरू हो गई। क्योंकि अधिकांश यात्रियों द्वारा ऑनलाइन टिकट बुक किया जा चुका था, वहीं कुछ यात्रियों द्वारा टिकट काउंटर के माध्यम से खरीदने की जानकारी प्राप्त हुई है। वहीं, अचानक रेलगाड़ी रद्द होने से कारण यात्रियों का समय बर्बाद हो गया और आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ा।

### सुबह 9 बजे से दी जा रही थी जानकारी : स्टेशन प्रबंधक

स्टेशन प्रबंधक जयंत मराठे ने बताया कि ट्रेन रद्द होने की जानकारी सुबह 9 बजे प्राप्त होने के बाद लगातार अलाउन्समेंट कर लोगों को जानकारी दी गई। यदि इस संबंध में यात्री के द्वारा जानकारी नहीं देने की बात कहीं जाती है, तो वह गलत है और उन्हें काउन्टर में कर्मचारियों से सम्पर्क करना चाहिए था।

## खड़े पिकअप से टकराई मोटर साइकिल, दो घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे खड़ी पिकअप वाहन से टकरा गई। इस हादसे में बाइक सवार दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें 108 एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल पहुंचाया गया।



घटना सोमवार की देर शाम करीब 7:30 बजे ग्राम गुजरा की है। मिली जानकारी के अनुसार दल्लीराजहरा निवासी शेख फायर 19 वर्ष व शिवेंद्र 18 वर्ष दोनों युवक एक बाइक में सवार होकर बालोद से दल्लीराजहरा की ओर जा रहे थे। इस दौरान ग्राम गुजरा के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी पिकअप वाहन से टकरा गई, जिससे दोनों को गम्भीर चोटें आई हैं।

**खबर संक्षेप**

### कुछ स्थानों पर लगाया जाएगा नया ट्रांसफार्मर, बंद रहेगी विद्युत आपूर्ति

**बालोद।** नगर से निकलने वाली 11 केव्ही पाररास फीडर एवं बघमरा फीडर में नया ट्रांसफार्मर लगाने 11 केव्ही लाईन विस्तार एवं टाऊन फीडर, झलमला फीडर में कार्य किया जाएगा। इसके कारण उपकेन्द्र बालोद से निकलने वाली बालोद टाऊन फीडर, पाररास फीडर, झलमला फीडर, बघमरा फीडर की विद्युत आपूर्ति 28 मई को प्रातः 9 बजे से 2 बजे तक बंद रहेगी। इस दौरान शिकारी पारा, कुंदरूपारा, मधु चौक, रेलवे कॉलोनी, पाररास, रामदेव चौक, सदर रोड, बूढ़ापारा कॉलोनी, कचहरी चौक, सदर रोड, नयापारा, पाण्डेपारा, सिंधी कॉलोनी, परेंगुड़ा, गंजपारा, आमापारा, जुर्रीपारा के क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था प्रभावित रहेगी।

### दानीटोला में बर्बाद हो रहा हजारों लीटर पानी



**गुरूर।** एक तरफ शासन द्वारा जल संकट की रोकथाम के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ ग्राम दानीटोला में प्रतिदिन सुबह शाम हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। ग्राम में जल जीवन मिशन योजना के तहत निर्मित पानी टंकी से पानी सप्लाई के कंट्रोल के लिए लगे वाल्वों में लीकेज होने से प्रतिदिन हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। वहीं, दूसरी ओर इसी ग्राम के कई वार्डों में लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि लीकेज की शिकायत करने के बाद भी ग्राम के पंच–सरपंच इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### यहां सड़क पर लेबल सही नहीं होने के कारण आए दिन हो रही दुर्घटनाएं

## दुर्घटनाजन्य क्षेत्र बना मटका टोला मोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

तहसील मुख्यालय डोंडी से भर्रीटोला मार्ग पर मटका टोला मोड़ अब राहगीरों के लिए के अंधा मोड़ साबित हो रहा है। सड़क लेवल नहीं होने के कारण यहां आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिसमें राहगीर चोटिल हो रहे हैं। कुरु टोला के किसान देव सिंह आर्य शत्रुघ्न विश्वकर्मा डोंडी के राजेंद्र मानकर सहित अनेक लोगों ने बताया कि डोंडी से आदिमाबाद सड़क का नवीनीकरण किया गया है। इससे सड़क अच्छी हो गई है और आवागमन में सुविधा हो रही है। लेकिन, मरकाटोला की ओर जाने वाले पुराने रोड़ का लेवल काफी नीचे हो गया है। इसके कारण मार्ग पर बड़ी गाड़ी आने से छोटी चारपहिया गाड़ियों के साथ ही बाइक एवं साइकिल सवार उन्हें साइड देते समय अक्सर गिर जाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस स्थान पर कई लोग गिरकर घायल हो चुके हैं। सोमवार को भी इसी मोड़ पर हॉट मिक्स भरकर जा रहा हाईवा पलट गया। दुर्घटना के बाद केबिन में फंसे चालक गाड़ी का कांच तोड़कर बाहर निकला और अपनी जान बचाई। लोगों ने संबंधित विभाग से इस मोड़ पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सड़क पर जरूरी व्यवस्था बनाने की मांग की है, ताकि आए दिन हो रही दुर्घटनाएं न हों।

- सोमवार को हाईवा पलटा, गाड़ी का कांच तोड़कर बाहर निकला चालक



## चाराचार के रोजगार सहायक व मेट को हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

जनपद पंचायत गुण्डरदेही अंतर्गत ग्राम पंचायत कजराबांधा के आश्रित ग्राम चाराचार के सैकड़ों ग्रामीणों ने रोजगार सहायक व मेट को हटाने व कड़ी कार्रवाई करने गुण्डरदेही सीईओ को लिखित में शिकायत कापी सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

- ग्रामीणों ने 0 जनपद पंचायत गुण्डरदेही के सीएमओ को सौंपा आवेदन

सोमवार को चाराचार के सैकड़ों ग्रामीणों ने जनपद पंचायत गुण्डरदेही पहुंचकर लिखित शिकायत की है। शिकायत में चाराचार के ग्रामीणों ने बताया कि चाराचार के छुहिया डबरी में मनरेगा का कार्य जारी है, जिससे कजराबांधा के मजदूरों से कार्य कराया जा रहा है और चाराचार के मजदूरों को काम में नहीं लिया जा रहा है, जिससे ग्रामीण नाराज हैं।




ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि रोजगार सहायक व मेट के द्वारा चाराचार के प्रत्येक मनरेगा मजदूर से सौ सौ रुपए लेकर छुहिया डबरी को जेसीबी मशीन से कार्य करवाया जा रहा है।

ग्रामीणों ने आगे बताया गया कि इसके पूर्व भी कजराबांधा में हुए गौठान निर्माण कार्य व अन्य कार्य में चाराचार के मजदूरों को काम पर नहीं लिया गया है, जिसमे ग्रामीण नाराज हैं। वही चाराचार के चार लोग मेट का कार्य करते हैं, जिसका अभी तक रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित नहीं है। उन्होंने मेट पर राशि लेने का भी आरोप लगाया। इन सब मुद्दों को लेकर चाराचार के सैकड़ों ग्रामीणों ने सोमवार को रोजगार सहायक व मेट को हटाने व कार्रवाई करने लिखित में शिकायत की है।

### शिकायत मिली, जांच के बाद होगी कार्रवाई

जनपद पंचायत गुण्डरदेही सीईओ तनुजा सलाम ने कहा कि चाराचार के ग्रामीण शिकायत लेकर आए थे। जांच दल गठन कर ग्राम पंचायत में जाकर जांच करवाई जाएगी। जांच में दोषी पाए जाने पर रोजगार सहायक व मेटों को हटाया जाएगा।

## राशन दुकान से चावल और शक्कर की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

शासकीय उचित मूल्य की दुकान बिटाल से अज्ञात चोरों ने 10 बोरी चावल और पांच बोरी शक्कर की चोरी कर ली। सोसायटी संचालक ने दल्ली राजहरा थाने की शरण ली और रिपोर्ट दर्ज कराई।

दल्लीराजहरा थाना प्रभारी ने बताया कि प्रार्थी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है, शीघ्र ही आ रो पी गिरफ्तार कर लिए जाएंगे। मिली जानकारी के अनुसार लौह अयस्क नगरी दल्लीराजहरा के समीप ग्राम पंचायत बिटाल के उचित मूल्य की दुकान में अज्ञात चोरों द्वारा लगभग 10,000 रूपए के राशन सामान की चोरी कर ली। राजहरा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 380,457 के तहत मामला दर्ज किया है। ग्राम पंचायत बिटाल में सचिव के पद पर कार्यरत सदाराम भंडारी ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि ग्राम पंचायत बिटाल के अंतर्गत सहकारी उचित मूल्य की दुकान संचालित है। दुकान में 23 मई को शक्कर, चावल तथा नमक व मिट्टीतेल खाद्य सामान आया हुआ था। सहकारी उचित मूल्य दुकान का सेल्समेन सोनू राम पुरामे द्वारा दो दिन खाद्य शक्कर, चावल, नमक व मिट्टीतेल का वितरण किया गया था। 25 मई को शाम करीबन 6 तक खाद्य सामान वितरण करने के पश्चात दुकान में ताला लगा कर चला गया। 26 मई को सेल्समेन सोनू राम द्वारा सुबह करीबन 09.30 बजे खाद्य सामान वितरण करने दुकान पहुंचा, तो दुकान के सामने के दरवाजे में लगा ताला टुआ हुआ था । सूचना देने पर जाकर देखा तो दुकान में रखा 5 बोरी शक्कर एवं 10 बोरी चावल जुमला कीमत 10,000 रूपये को कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया था।

- ग्राम बिटाल का मामला, दल्लीराजहरा थाने में लिखाई गई रिपोर्ट




### गणना सुपरवाइजर एवं गणना सहायकों को दिया गया प्रशिक्षण

# संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया में मतगणना कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण, बरतें गंभीरता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया में मतगणना के कार्य को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने सभी गणना सुपरवाईजर एवं गणना सहायकों का पूरे मनोयोग एवं गंभीरता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर त्रुटिरहित ढंग से अपने कार्यों का संपादन करने को कहा।

इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि मतगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में गणना सुपरवाईजर एवं गणना सहायकों का कार्य एवं दायित्व अत्यंत महत्वपूर्ण है। चन्द्रवाल ने कलेक्टर चन्द्रवाल जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतगणना कार्य हेतु नियुक्त किए गए जिले के गणना सुपरवाईजर एवं गणना सहायकों प्रशिक्षण में अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे।




उल्लेखनीय है कि इस बार जिला निर्वाचन कार्यालय बालोद द्वारा जिले में पहली बार अभिनव प्रयोग करते हुए जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रें के लिए गणना सुपरवाईजर एवं गणना सहायकों के रूप में शत प्रतिशत महिला अधिकारी–कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। प्रशिक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक, नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर तरूणा साहू एवं प्रशिक्षकों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### कार्यों व दायित्वों की दी गई जानकारी

इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रवाल ने गणना सुपरवाईजर एवं गणना सहायकों को उनके कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतगणना कार्य को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु मतगणना के कार्य में लगे सभी अधिकारी–कर्मचारियों को अपने कार्यों का संपादन पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ–साथ त्रुटिरहित ढंग से करना अत्यंत आवश्यक है।

### जारी किया जाएगा पास

चन्द्रवाल ने बताया कि मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी–कर्मचारियों के लिए विधिवत पास जारी किया जाएगा। इसके अलावा निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार गणना अभिकर्ताओं को राईटिंग पेड, पीने का पानी, पेन आदि भी उपलब्ध कराया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए गणना सुपरवाईजर एवं गणना सहायक के रूप में नियुक्त किए गए सभी महिला कर्मियों को अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। इस दौरान मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा गणना सुपरवाईजर एवं गणना सहायकों को उनके कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।


**पाठक सूचना**

बालोद जिले में

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### रॉड खरीदी के नाम पर धोखाधड़ी, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** रॉड खरीदने का झांसा देकर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। उतई पुलिस ने बताया कि ग्राम सेलूद मानिकचौरी रोड निवासी प्रदीप कुमार ठाकुर खेती किसानी का काम करता है। 25 मई को घरेलू काम से उरला चरोदा गया था। घर में उसके माता पिता थे। अज्ञात व्यक्ति घर आया और उसके पिता को रॉड खरीदने का झांसा देकर पाटन रोड ढ़ौर चौक के पास ले गया। पीड़ित के पिता को वहीं छोड़कर अपने बाइक से घर आ गया। अज्ञात आरोपी ने मां से उसके पति ने रॉड खरीदने के लिए पैसा मंगाया है। कहकर अज्ञात ने घर से 28 हजार रुपए लेकर फरार हो गया। कंशराम ठाकुर घर पहुंचा तो उसे पता चला कि अज्ञात ने उनके साथ ठगी कर दिया।

### आवागमन में बाधा डाल रहे ठेलों को हटाया

**भिलाई।** भिलाई निगम ने संडे के दिन सड़क किनारे ठेले, गुमटी और अवैध पार्किंग करने वालों पर कार्रवाई की। सभी चौक-चौराहों को व्यवस्थित करने के लिए निगम यह अभियान आगे भी जारी रखेगा। इस कार्रवाई के बाद ऐसे लोगों में हड़कंप की स्थिति है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के आदेशानुसार अपर आयुक्त के निर्देशन में जोन आयुक्त जोन 1 की मौजूदगी में इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया। राजस्व विभाग, स्वास्थ विभाग सयुक्त दल एवं बेदखली दस्ता द्वारा सूर्या मॉल चौक के समीप आवागमन बाधित अवैध रूप संचालित ठेले, अवैध पार्किंग पर बेदखली कार्रवाई की। इस कार्रवाई में जोन कमिश्नर रवि सिन्हा तोड़फोड़ प्रभारी बालकृष्ण नायडू, जोन के राजस्व अधिकारी धीरज साहू अपने दल के साथ उपस्थित रहे।. यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगा। सभी मार्केट चौक-चौराहा पर किए।

### महिला थाने के सात काउंसलरों को हटाया

**भिलाई।** महिला थाने में पारिवारिक मामलों की काउंसिलिंग करने वाले 7 काउंसलरों को महिलाओं से बेहतर व्यवहार नहीं करने और पक्षपात करने की शिकायत मिलने पर एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने कार्रवाई करते हुए हटाने के आदेश जारी किया है। मिली जानकारी के मुताबिक सेक्टर 6 स्थित महिला थाना में पहुंचने वाले पारिवारिक मामलों की काउंसलिंग के लिए काउंसलरों की नियुक्ति की गई है। जहां पारिवारिक मामलों को परामर्श के माध्यम से सुलझाने का प्रयास किया जाता है। लेकिन एसपी जितेन्द्र शुक्ला के पास लगातार महिला थाने में काउंसलरों द्वारा किए जाने वाले दुर्व्यवहार की शिकायत मिल रही थी। एसपी ने विभा सिंह, संगीता सिंह, गौरी चक्रवर्ती को दुर्व्यवहार और पक्षपात की शिकायत के कारण हटाया गया है। वहीं सरिता सिंह, अनीस सुल्ताना, मीना सुशील और प्रभा गुप्ता को लगातार अनुपस्थिति के चलते हटाया गया है। गौरतलब हो कि महिला थाने में पूर्व में थाने के स्टाफ की तैनाती 18 पुलिसकमर्यिों की थी। जिसमें से दो को हाल ही में सस्पेंड किया गया है।

### जनजागरण दुर्गोत्सव समिति की हुई बैठक

**दुर्ग ।** जन जागरण दुर्गोत्सव समिति की शारदीय नवरात्र पर्व को लेकर बैठक आशीर्वाद भवन विराट नगर बोरसी दुर्ग में हुई। जिसमें वर्ष 2024 हेतु कार्यकारिणी का पुनर्गठन एवं नवरात्र पर्व पर होने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। जन जागरण दुर्गोत्सव समिति अपना 4 था वर्ष मनाने जा रही है। इसी कड़ी में जन जागरण दुर्गोत्सव समिति विभिन्न आयोजनों पर चर्चा की। समिति के सदस्यों की सहमति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जनजागरण दुर्गोत्सव समिति बोरसी कॉलोनी के पुनर्गठन में संरक्षक मंडल में अनुज राम साहू, एडी टंडन, डॉकृष्ण कुमार पाटिल, पोषण लाल साहू, पन्ना लाल साहू, अध्यक्ष किशोर शर्मा, उपाध्यक्षए खिलू राम साहू, विजय यादव, उपाध्यक्ष महिला श्रीमती हेमलता साहू, सचिव महाबीर साहू, सहसचिव संजय अष्टकर, संगठन सचिव शशि कुमार साहू, कोषाध्यक्ष राकेश साहू, खिलावन निषाद, डीआर सिन्हा आदि मनोनीत किए गए।

# गुरूर विकासखंड के 30,899 घरों में बनाए जाएंगे सोकपिट


हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार बालोद जिला प्रशासन द्वारा जिले में जल संरक्षण महाअभियान के अंतर्गत गुरूर विकासखण्ड के 78 ग्राम पंचायतों के 121 गांव में बारिश में व्यर्थ बह जाने वाले पानी को संरक्षित करने के लिए महाअभियान चलाया जा रहा है।

जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि जिसके अंतर्गत गुरूर विकासखण्ड के कुल 30 हजार 899 परिवार के घरों में सोकपीट एवं रिचार्ज पिट निर्माण करने का लक्ष्य रखा गया है।

जिसमें से जल शक्ति अभियान 2019 के तहत 13 हजार 858 परिवार एवं स्वप्रेरणा से 3570 परिवारों के घरों में सोकपीट का निर्माण किया जा चुका है। जिसमें से 10431 सौकपीट क्रियाशील है तथा 3420 अक्रियाशील है, जिसे प्रथम पखवाड़े में क्रियाशील बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

**व्यर्थ बह जाने वाले बारिश के पानी को सहेजने की तैयारी**



### प्रचार-प्रसार के साथ लोगों को किया जा रहा प्रेरित

सामुदायिक भवन एवं अन्य स्थानों में 1379 सामुदायिक सोकपीट एवं रिचार्ज पीट का निर्माण किया गया है।

साथ ही शेष बचे 17 हजार 41 परिवारों में सोकपीट निर्माण के लिए प्रचार–प्रसार के माध्यम से ग्रामीणों को प्रेरित किया जा रहा है। जिला कार्यालय द्वारा जल स्तर संरक्षण एवं भू–जल स्तर बढ़ाने के लिये 22 मई से 05 जून तक जल संरक्षण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है।

जिसके अंतर्गत गुरूर विकासखण्ड एवं जिला स्तर के अधिकारी–कर्मचारी लगातार गांव–गांव में पहुंचकर व्यक्तिगत रूप से सोकपीट एवं वाटर रिचार्ज पिट निर्माण किये जाने हेतु रैली, नारा के माध्यम से जनसमुदाय को जल संरक्षण के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

## सशिमं में आयोजित एक दिवसीय अध्यापन कौशल कार्यशाला में विशेषज्ञों ने दिए टिप्स

# कमजोर बच्चों को होशियार बनाने को अपना लक्ष्य बनाएं अध्यापक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जामगांव आर

शिक्षा सत्र 2024–25 तैयारी की दृष्टि से एक दिवसीय अध्यापन कौशल कार्यशाला का आयोजन सोमवार को सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में किया गया।

अध्यापन कौशल कार्यशाला में मुख्य मार्गदर्शक रसायन विज्ञान एक्सपर्ट सेजस प्राचार्य राजेश पिल्लई एवं सह मार्गदर्शक संस्कृत एक्सपर्ट प्राचार्य पीएल बारले गणित में पारंगत पवन बंछोर थे। कार्यशाला में गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, संस्कृत, हिन्दी, अंग्रेजी विषयो में पारंगत आचार्य दीदियों ने अध्यापन कौशल का प्रदर्शन किए।

कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य राजेश पिल्लई ने कहा कि अध्यापन शिष्य के लिए यादगार बन जाए, गुरु को ऐसी कला अपने आप में विकसित करनी चाहिए। शिष्य का होनहार भविष्य गुरु के लिए गर्व की बात होती है। उन्होंने कहा कि अध्यापन करने वाले गुरु को अपने आप में सदा निखार लाने के लिए शिष्य जैसा अध्ययन करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि कमजोर बच्चों को होशियार बनाने के लिए टारगेट करना चाहिए। टीचिंग कालखंड अवधि में क्लास को बोझिल होने से परे रखने के लिए रोचक टेक्निक टीचर को अपनाना चाहिए।



### कुशल अध्यापन के साथ क्लास पर स्नेहिल पकड़ आवश्यक

विद्यालय प्राचार्य पीएल बारले ने कहा कि एक अध्यापक की ड्यूटी केवल अध्यापन करा देने से पूरी नहीं होती। वे पूर्ण सजगता के साथ क्लास और बच्चो की सभी खबर से वाकिफ रहने का सचेष्ट प्रयास करते रहें और कामयाब हों। तब देखिए, गुरु और शिष्य की मेहनत का फल कामयाबी का इतिहास लिखेगी, जिसकी खुशबू चहुं ओर फैलेगी और यही तमन्ना गुरु और शिष्य दोनो को होती है।

### गणित जीवन में समस्या सुलझाती है

गणित में पारंगत पवन बंछोर ने कहा कि गणित जीवन का गणित समझाती है। गणित सरल है दिमाग को अन्य विषयों के लिए मददगार बनाती है। साधकों की तरह एकाग्रचित होकर हल करने पर बड़ी आसानी से हल हो जाती है। जीवन भर हर जगह गणित काम आती है इसलिए गणित को सभी अपनाए बच्चों को प्रेरित करें, कठिन नहीं समझें। खेती किसानी व्यापार सर्विस घर गृहस्थी मार्केट यात्रा सुख दुख जीवन का ऐसा कोई भी क्षेत्र नहीं है जो गणित के बिना संभव हो।

### कार्यशाला में नई शिक्षा पद्धति पर भी हुई चर्चा

मार्गदर्शकों ने नई शिक्षा पद्धति में शिक्षको को अनेक विषयों पर पकड़ बनाने सजग किए और कहा कि मेहनत और लगन को सक्रियता में लाए असंभव को संभव बनाएं।अनेक उदाहरण भी दिए और बोले साइंस वाले टीचर की आर्ट्स के विषयो पर प्रभावी पकड़ देखी जा रही है। सकारात्मक सोचे मेहनत करे अच्छे परिणाम देख भविष्य एक दिन स्वयं आश्चर्य चकित होंगे। कार्यशाला में प्राचार्य पीएल बारले, धनेश्वरी साहू, तेजश्वरी साहू, सुनीता सेन, मेनका साहू, प्रीति तिलेश्मि नेताम, हीना साहू, चंद्रिका यादव, निहारिका धीवर, लुसिका साहू, हथेश्वर साहू, पवन बंछोर, गुंजा धनकर उपस्थित थे।

# लू से बचने भरपूर पानी पीएं : डॉ जाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ दल्लीराजहरा

नगर में तापमान 40 डिग्री से ऊपर पहुंच गया है। लोग अपने घरों से निकलने के लिए घबरा रहे हैं। बताया जा रहा है कि गुरुवार तक दल्लीराजहरा सहित क्षेत्र के कुछ हिस्सों में ग्रीष्म लहर जैसे हालात बने रहने की संभावना है।

- शहीद अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक ने दी सलाह

दल्लीराजहरा के शहीद अस्पताल के वरिष्ठ डा शैबाल जाना ने ग्रीष्म लहर से बचने के लिए भरपूर पानी पीने की सलाह दी है। इससे शरीर पूरी तरह हाइड्रेट रहेगा और गर्मी के बुरे प्रभाव से शरीर को बचाये रखने में सहायक होगा। उन्होंने लोगों से अपील की है कि दोपहर की तेज धूप में जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें तथा शरीर को अच्छी तरह ढंककर ही निकलें। टोपी, दुपट्टे या अन्य किसी कपड़े से सिर को ढंककर ही रखें। छाता लेकर निकलना भी एक अच्छा उपाय हो सकता है। गर्मी के दिनों में सूती कपड़ों का इस्तेमाल करना चाहिए। बहुत अच्छा होगा कि 11 बजे से 5 बजे तक घर के बाहर निकलने से बचें। आने वाले 4 दिन के लिए मौसम विभाग ने ग्रीष्म लहर की चेतावनी देते हुए सावधान रहने की सलाह दी है।

# अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार दो लाख का गांजा बरामद

**रायपुर।** आरपीएफ ने रविवार को 10 किलो गांजा के साथ एक अंतर्राज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। गांजे की कीमत 2 लाख बताई जा रही है। आरपीएफ पोस्ट रायपुर के साथ सघन चेकिंग के दौरान लोकसभा चुनाव आचार संहिता के मद्देनजर प्री-इलेक्शन सीजर अभियान के तहत मुखबिर की सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। रेसुब पोस्ट प्रभारी निरीक्षक एसके दत्ता के नेतृत्व में मंडल टास्क टीम प्रभारी उपनिरीक्षक केबी गुप्ता, प्रआ वीसी बंजारे, आरक्षक एसके गिरी, देवेश सिंह, आरपीएफ टीम द्वारा आपरेशन नारकोस के तहत मुखबिर सूचना के आधार पर रेलवे स्टेशन रायपुर के प्लेटफार्म नंबर 5 दुर्ग छोर में विकलांग शौचालय के पास मुखबिर के बताए हुलिए, पहनावे एवं सामान के आधार पर एक संदिग्ध यात्री को घेराबंदी कर पकड़ा तथा उसके पास रखे एक काले रंग के लगेज बैग को चेक करने पर मादक पदार्थ गांजा मिला। नाम-पता पूछने पर उसने सूरज कुमार निवासी ग्राम नौढ़िया तरहार, थाना-लालापुर जिला प्रयागराज यूपी का रहने वाला बताया।

# डिप्टी सीएम शर्मा बोले- जिन्हें निर्दोष बता रहे, उन पर कांग्रेस शासन से ही मामले दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

डिप्टी सीएम विजय शर्मा का कहना है, कांग्रेस जिन्हें निर्दोष बता रही है, उन पर कांग्रेस शासन से ही मामले दर्ज हैं। उन्होंने कहा, आज बस्तर नक्सल उन्मूलन की दिशा में बहुत आगे बढ़ चुका है। बस्तर से लगातार फीडबैक आ रहे हैं। लोग चाह रहे हैं कि उन्हें नक्सलवाद पूरा समाप्त चाहिए। लोग बिना डर एवं भय के शांति से रहना चाहते हैं। इस पर सभी को राजनीतिक मतभेदों के बावजूद पूर्ण सहयोग करना चाहिए। डिप्टी सीएम ने कहा, दीपक बैज ने भी हमारा आग्रह है कि नक्सल उन्मूलन के लिए क्या करना है, अपने सुझाव सरकार को दें। श्री शर्मा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, दीपक बैज को पहले तथ्यों की परख कर लेनी चाहिए, उसके बाद बोलना चाहिए। श्री शर्मा ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि जिन्हें कांग्रेस निर्दोष बता रही है, उन सभी के विरुद्ध साल 2022, 2021 से ही आपराधिक मामले दर्ज हैं। लकी कुंजाम पर 2022 में 302 का मामला दर्ज है, 2023 में 307 का प्रकरण था, दीपक बैज वहां के सांसद थे, उनकी ही सरकार थी। ओरछा छोटू के विरुद्ध 2022 में 307 का मामला दर्ज है। चैतू कुंजाम पर 2021 में 307 का मामला है, 2023 में फिर 307 लगा, 2024 जनवरी में 302, इस प्रकार 7 प्रकरण उनके खिलाफ हैं। सन्नो अवलम पर 2022 में 302 सहित कुल 6 प्रकरण हैं। सुनीता कुंजाम के विरुद्ध साल 2022 में 302, साल 2023 में 307 सहित 6 प्रकरण दर्ज हैं। योगा बरसे के खिलाफ 2022 में अपहरण का प्रकरण दर्ज है। ऐसे बहुत सारे विषय हैं, उन तथ्यों की जांच होनी चाहिए।



- डिप्टी सीएम ने दीपक बैज से कहा, नक्सल उन्मूलन के लिए क्या करना है, अपने सुझाव दें

# सीबीजी प्लांट पर सौ करोड़ निवेश की योजना, जमीन तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अब रायपुर और बिरगांव नगर निगम को मिलने वाले ठोस अपशिष्ट के निदान को लेकर कारगर पहल होने वाली है। इसके लिए सरकार से एमओयू के बाद रायपुर निगम आयुक्त ने बिरगांव निगम सीमा में ट्रांसपोर्ट नगर के पीछे करीब 20 एकड़ जमीन का चिन्हांकन किया है। इसे लीज पर भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड को दिया जाएगा। इसके बाद कम्प्रेस्ड बायो गैस संयंत्र लगाने पर 100 करोड़ का निवेश बीपीसीएल करेगा।

- बीपीसीएल को संयंत्र लगाने रावांभाठा में जमीन चिन्हांकित, बनेगी डिटेल फिजिबिलिटी रिपोर्ट

राजधानी में दो निगम के बीच सीबीजी प्लांट लगाने की तैयारी शुरू हो गई है। निगम सूत्रों ने बताया कि रायपुर-भिलाई में कम्प्रेस्ड बायोगैस संयंत्र स्थापित किया जाएगा। इन दोनों संयंत्रों में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड करीब 100 करोड़ रुपए का निवेश करेगा। सरकार के साथ मार्च 2024 में ही सीएम आवास में बीपीसीएल के साथ प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं। सरकार ने इस प्रोजेक्ट को पूरा करने में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया है। इसके मद्देनजर रायपुर निगम प्रशासन ने शहर के पानी को फिल्टर करने के लिए वर्षों पहले बनाए गए प्रोजेक्ट के लिए तय जमीन को अब लीज पर देने की प्रक्रिया शुरू की है। इसके पहले सीबीजी संयंत्र लगाने के लिए त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर हुए। बीपीसीएल के साथ ही छत्तीसगढ़ जैव ईंधन विकास प्राधिकरण (सीबीडीए) व रायपुर और भिलाई निगम के बीच एमओयू हुआ है। इसके लिए अभी डिटेल फिजिब्लिटी रिपोर्ट बनाई जाएगी। इसके बाद प्रोजेक्ट पर काम शुरू होगा।



### प्लांट की क्षमता होगी 100-150 टन

समझौते के तहत एक केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम बीपीसीएल करीब 100 करोड़ के निवेश के साथ रायपुर और भिलाई में सीबीजी प्लांट लगाएगा। हर संयंत्र की क्षमता 100-150 टन प्रतिदिन होगी। इस त्रिपक्षीय एमओयू में छत्तीसगढ़ जैव ईंधन विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बीपीसीएल और रायपुर निगम आयुक्त और भिलाई निगम आयुक्त ने सहमति दी है। बिरगांव निगम सीमा में ट्रांसपोर्ट नगर के पीछे खाली जमीन रायपुर निगम ने प्लांट लगाने के लिए चिन्हांकित की है। जहां प्लांट लगाने की प्रक्रिया शुरू होगी। दोनों निगम के बीच जगह तय करने से यहां ठोस अपशिष्ट आसानी से मिलेंगे।

### 250 मीट्रिक टन कचरे का उपयोग

रायपुर व भिलाई के सीबीजी संयंत्रों में जैव ईंधन के उत्पादन में प्रतिदिन 200-250 मीट्रिक टन ठोस कचरे का उपयोग किया जाएगा। इन संयंत्रों से हर साल प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 60 हजार युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। हर साल करीब 45 लाख रुपए जीएसटी मिलेगा। कम्प्रेस्ड बायोगैस संयंत्र में पूरी क्षमता से उत्पादन और बिक्री पर फोकस किया जाएगा। इन दोनों संयंत्रों से जैविक खाद भी प्राप्त होगी। इससे जैविक खेती को भी बढ़ावा मिलेगा।

# आदिवासियों को दी श्रद्धांजलि

**भिलाई।** हाल ही में घटित कबीरधाम जिला क्षेत्र अंतर्गत पंडरिया ब्लाक के पानी ग्राम के पास जंगल में तेंदूपत्ता संग्रहण कर घर लौट रहे बैगा आदिवासी समाज के 19 मजदूरों का दर्दनाक मौत पिकअप वाहन का खाई में गिरने से हो गया।

भाजपा चरोदा मंडल के युवा मोर्चा अध्यक्ष समीर अग्रवाल एवं भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष सुश्री गीता वर्मा के संयुक्त नेतृत्व में शांति कैंडल मार्च निकालकर बाजार चौक भिलाई-3 का भ्रमण किये। बाजार चौक के शहीद स्मारक कैंडल अर्पित कर समापन किए तथा शोकसभा आयोजित किया गया। भाजपा जिला भिलाई के महामंत्री प्रेम लाल साहू उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के अधिकारियों को दिए दिशानिर्देश

# सभी को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना हमारी पहली प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा है कि जिले के सभी व्यक्तियों को शुद्ध पेयजल की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित कराना हम सभी की पहली प्राथमिकता एवं दायित्व होनी चाहिए।

चन्द्रवाल ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जिले के किसी भी स्थान पर किसी भी स्थिति में आम लोगों को पेयजल की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने इसे ध्यान में रखते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को कार्य योजना बनाकर उसे मूर्त रूप देने को कहा। इसके लिए उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट कर वास्तविक स्थिति का पड़ताल करने के निर्देश भी दिए।



कलेक्टर चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित कृषि, जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में कलेक्टर ने इन विभागों के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा भी की। चन्द्रवाल ने जिले के किसी भी स्थान पर पेयजल से संबंधित समस्या ज्ञात होने पर उसका तत्काल निराकरण करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे एवं राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा संबंध विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

### शासकीय भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य

बैठक में कलेक्टर ने कृषि विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने जिले के किसानों को ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य फसल के लिए प्रेरित किए जाने के लिए विभाग के द्वारा की जा रही कार्यों की भी जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने जल संसाधन विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की। चन्द्रवाल ने जिले के सभी शासकीय भवनों में अनिवार्य रूप से रेन वाटर हार्वेस्टिंग लगाने तथा जल संरक्षण उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा जिले के सभी स्कूलों में सोख्ता गड्ढा का निर्माण करने तथा सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों को इस कार्य की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए।

# मंत्री हत्याकांड: हिस्ट्रीशीटर और उसका भतीजा गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

पार्किंग ठेकेदार मंत्री उर्प श्रीराम यादव हत्याकांड का मास्टर माइंड पूर्व पार्षद और हिस्ट्रीशीटर अजय दुबे और अमिताभ दुबे को गिरफ्तार किया गया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि पचरीपारा दुर्ग निवासी मंत्री उर्प श्रीराम यादव हत्याकांड में फरार चल रहे अजय दुबे और अमिताभ दुबे को पकड़ने के लिए पुलिस ने टीम बनाई गई। जिसमें कोतवाली दुर्ग टीआई महेश ध्रुव और एसीसीयू प्रभारी कपिल देव पाण्डेय की टीम को लगाया गया। सूचना पर पुलिस ने कोंडागाव रवाना हुई, जहां हिस्ट्रीशीटर अजय दुबे औक अमिताभ दुबे दोनों छिपे हुए थे। दोनों को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ में बताया कि पर्किंग ठेकेदार से पुरानी रंजिश थी इस कारण उसे रास्ते से हटा दिया। पूर्व में हिस्ट्रीशीटर अजय दुबे को मंत्री यादव समेत उसके दोस्तों ने जमकर पिटाई की थी। उसके बाद से दोनों के बीच दुश्मनी हो गई थी। तब से आरोपी अजय दुबे मंत्री को रास्ते से हटाने प्लान तैयार करता रहा। हत्या के बाद फरार होने वाले सभी आरोपी अपना मोबाइल फोन को बंद कर रख दिया था। अजय दुबे के खिलाफ दुर्ग कोतवाली में 6 अपराध दर्ज है। पुलिस को आरोपी वंश राजपूत ने बताया है कि अजय दुबे से हुई मारपीट का बदला लेने के लिए ये हत्या की गई है।



खबर संक्षेप

## वनांचल क्षेत्र कवर्धा जिले के पंडरिया पहुंची मंदिर संपर्क यात्रा



डौंडीलोहारा। छत्तीसगढ़ के बालोद जिला में बन रहे विश्व के अद्वितीय मां कौशल्या धाम के



निर्माण को पूर्ण करने के लिए श्री पाटेश्वर धाम के संचालक संत राम बालक दास सोमवार को कवर्धा जिला के वनांचल क्षेत्र पांडातराई पहुंचे। वहां पर नगर के प्रतिष्ठित लोगों ने संत श्री का स्वागत किया। उसके बाद कवर्धा जिले के पंडरिया बोडला एवं अन्य विकासखण्डों के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में बैठक ली गई। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष नंदलाल चंद्राकर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ का गौरव कहलाएगा मां कौशल्या धाम। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में समस्त पंडरिया बोडला एवं कवर्धा क्षेत्र में सघन संपर्क करके सभी सनातनी हिंदुओं राम भक्तों को मां कौशल्या धाम के निर्माण से जोड़ा जाएगा। साथ ही अंधेरीकछार के श्री राम साकत ने मां कौशल्या मंदिर में मूर्ति स्थापना के लिए 71 हजार रुपए का संकल्प भी सभा में किया। इसी तरह यात्रा का कार्यक्रम सिल्हाटी जिला कवर्धा में एवं कल्याणपुर डोंगरगढ़ में भी आयोजित हुआ।

## पुलगांव नाला जलकुंभी से पटा, इस बरसात में भी हो सकता है जलसंकट

दुर्ग। दुर्ग भिलाई शहर में पिछले वर्ष बरसात के दिनों में शिवनाथ नदी इंटकवेल में बार बार कचरा फंसने की वजह से हुई पानी सप्लाई की किल्लत के बाद भी जिला या नगर निगम प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिया है और इस वर्ष अब बारिश आने वाली हैं फिर भी पुलगांव नाले में पटे पड़े जलकुंभी की न तो सफाई किया गया है और न ही गंदे पानी व कचरा जाने से रोकने लंबे समय से चल रहे नाला डायवर्सन कार्य को पूरा किया गया है जिसके चलते इस बरसात में भी शिवनाथ नदी पंप हाउस के साइफन में जलकुंभी व कचरा फंसने के चलते फिल्टर प्लांट में पानी सप्लाई ठप्प होने व लोगों को पीने के पानी के लिए तरसने की संभावना बढ़ गई है। नगर निगम के पूर्व सभापति दिनेश देवांगन ने कहा है कि ननि में सत्ताधीश कांग्रेसी परिषद विस चुनाव के परिणाम के बाद से राजनीति रूप से मृतप्राय अवस्था में हो गई हैं और निगम के जिम्मेदार अधिकारी अपनी मानवीय कर्तव्यों को भूलकर केवल पगार के लिए नौकरी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस नाला में नदी से महज पचास मीटर की दुरी में एनीकेट बनाकर गंदे पानी के बहाव रोक दिया गया है जिसकी वजह पूरा नाला जलकुंभी व भारी मात्रा में कचरो से पट गया है।

### निधन

## वेदप्रकाश साहू

बालोद/कलंगपुर। ग्राम कलंगपुर



निवासी वेदप्रकाश (हैप्पी) साहू पिता राजेन्द्र साहू 23 साल का 25 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 27 मई सोमवार को गृह गाम कलंगपुर में किया गया, जिसमें स्वजातीय सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए। वे गुण्डरदेही के भूतपूर्व विधायक दाऊ घनाराम साहू के पोते थे।

# सार्वजनिक स्थानों पर शराब पी रहे 50 लोगों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के देशी विदेशी शराब दुकानों के पास अहाता खुलने की प्रक्रिया शुरू हो गई। वहां दुकान में डिस्पोजल, पानी पाऊच सहित कई खाद्य सामग्री की बिक्री शुरू होते ही पुलिस प्रशासन द्वारा सार्वजनिक स्थानों में शराब पीने वालों पर कार्रवाई करना शुरू कर दिए हैं।

करीब 20 दिनों में ही जिले के कुछ थाना को छोड़ अन्य थाना क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले करीब 50 लोगों पर धारा 36(च) के तहत कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि जिले के शराब दुकानों के पास चखना दुकान फिर से संचालित हो रही है। विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा की सरकार बनते ही जिला प्रशासन द्वारा रातो रात अवैध चखना दुकानों पर बुलडोजर चला दिया था। जिसके बाद नए सिरे से चखना दुकान संचालित हुआ। इसके लिए निविदा जारी कर दुकान की नीलामी हुई और अलग अलग शराब दुकानों के पास चखना दुकान संचालित करने लाखों रुपए की बोली लगाकर एक बार फिर से दुकान संचालित किया गया। इस पूरे प्रक्रिया के बाद अब पुलिस प्रशासन भी सार्वजनिक स्थानों में शराब पीने वालों पर लगातार कार्रवाई करना शुरू कर दिए हैं।



### चखना सेंटर से जलाशय के आसपास गंदगी

सबसे बड़ी समस्या जिला मुख्यालय के देशी शराब दुकान के आस पास की है, जहां पर्यटक स्थल तांदुला जलाशय के नजदीक देशी शराब दुकान है, उस जगह पर फिर से चखना दुकान संचालित हो रहा है। ऐसे में शराबियों द्वारा उस दुकान से पानी डिस्पोजल सहित कई अन्य खाद्य सामग्री लेकर तांदुला जलाशय के तट पर बैठकर शराब पीने लगे हैं और शराब की बोतल सहित अन्य सामान को जलाशय के नजदीक ही छोड़ रहे हैं। इससे मॉर्निंग वॉक में जाने वालों से लेकर अन्य जिलों से भी यहां घूमने पहुंचने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पुलिस प्रशासन को ऐसे पर्यटन स्थलों पर भी दबिश देकर शराबियों पर कार्रवाई करने की जरूरत है ताकि पर्यटन स्थल स्वच्छ रहे।

### बिटाल के ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों पर लगाया निष्क्रियता का आरोप

# हरियाली पर चल रही कुल्हाड़ी काटे जा रहे पेड़, जिम्मेदार मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

वन विभाग की निष्क्रियता का खामियाजा संपूर्ण शहरवासियों को भुगतना पड़ रहा है। वहीं बीएसपी प्रबंधन ने भी अपने मौलिक अधिकारों से हाथ खींच लिए हैं और राजस्व, वन विभाग बीएसपी क्षेत्र के जंगलों में धड़ाधड़ कुल्हाड़ी चलने लगी है। कुल्हाड़ी चलने के कारण हरियाली समाप्त होने लगी है।

■ कहा- शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं किए जाने से बढ़े लोगों के हौसले

ग्रामवासियों और प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार ग्राम बिटाल के समीप क्षीकाटोला के अलावा आस-पास के जंगलों में बड़ी संख्या में पेड़ों पर कुल्हाड़ी चली है। कुल्हाड़ी चलने के कारण जंगल वीरान होने लगा है। वन परिक्षेत्र कुसुमकसा के तहत आने वाले बिटाल के ग्रामवासियों ने परिक्षेत्र वन अधिकारी पर पेड़ काटने वालों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि शिकायत शिकायत किए जाने के बाद भी कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिसके कारण ऐसे लोगों के हौसले बुलंद हैं।





**कराई जाएगी जांच**

पेड़ों की अवैध कटाई के संबंध में शिकायत आने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। आपके माध्यम से संज्ञान में आया है। अतिशीघ्र टीम भेजकर कार्यवाही करेंगे।

**राजेश नानदुलकर**, वन परिक्षेत्र अधिकारी, दल्लीराजहरा।

पर्यावरण के जानकार आकाश कुमार, संदीप, प्रकाश, अरिहंत, संतोष, राजा, आराधना ने बताया कि पेड़-पौधों की अंधाधुंध कटाई और खनन पर्यावरण के लिए घातक है। खनन की वजह से उडने वाली रेत शुद्ध वायु को दूषित करती है। इसका प्रभाव मानव जीवन तथा पशु-पक्षियों पर पड़ता है। रेत के कण हमारे फेफड़ों और आंखों में पहुंच जाते हैं। इससे नई-नई बीमारियां शरीर को घेर लेती है। खानों में प्रयोग में किए जाने वाले बारूद से मलबे के ढेरों के कारण वायु प्रदूषण में बढ़ोतरी होती है।

इससे कई वन्य जीवों की प्रजातियां विलुप्ति की कगार पर हैं। अत्यधिक खनन से भूमि कटाव, धूल और नमक से भूमि के उपजाऊपन में परिवर्तन, जल का खारा होना, समीपस्थ क्षेत्रों और वन्य क्षेत्रों में शोर जैसी समस्याएं पर्यावरण के लिए चिंता का विषय है।

# सोनकर समाज गुण्डरदेही राज के अध्यक्ष चुने गए पार्षद विजय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

छत्तीसगढ़ सोनकर समाज गुण्डरदेही राज के पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न हुआ। अध्यक्ष पद के लिए गुण्डरदेही नगर के पार्षद विजय सोनकर व सुंदर सोनकर मैदान में थे। विजय सोनकर को 131 मत मिले, वहीं सुंदर सोनकर को मात्र 63 मत मिले। इस प्रकार विजय सोनकर ने 68 मत अधिक पाकर सोनकर समाज के अध्यक्ष बने।

■ अंगद को मिली उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

इसी प्रकार उपाध्यक्ष के लिए दो उम्मीदवार मैदान में थे, जिसमें अंगद सोनकर 11 मत अधिक पाकर समाज का उपाध्यक्ष बने। पदाधिकारी का विस्तार करते हुए मंत्री लक्ष्मण सोनकर, उपमंत्री परमानंद सोनकर, अंकेक्षक छगन सोनकर, कनिष्ठ उपाध्यक्ष चेतन सोनकर, कनिष्ठ कनिष्ठ उपाध्यक्ष चेतन सोनकर, कनिष्ठ उपाध्यक्ष महेंद्र सोनकर बने।

सोनकर समाज गुण्डरदेही राज चुनाव अधिकारी रविकांत सोनकर ने बताया की समाज के लोग मतदान करने के लिए बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया, इस अवसर पर सियाराम सोनकर, कोमल सोनकर, निहाल सोनकर, श्रवण सोनकर, दुखु सोनकर बालाराम, नीलम, लक्ष्मी नारायण, राजुलाल, नरेन्द्र, लोकनाथ, गिरीश, शेखर, शंकर, तरुण, जितेश, घनश्याम, देश, हेमत सोनकर, गोविंद, हिरालाल, लवकुश, रामजी खोरबाहरा, विदेशी तोम्बर, कन्हैया, हेमंत, महेश, पोषण, रामकृष्ण, संजू, गौकरण सोनकर, जीवन सोनकर, राकेश, मनबोधि सोनकर शामिल हुए, जहां सभी ने नव निर्वाचित पदाधिकारियो को नए दायित्व मिलने पर बधाई दी साथ ही समाज को आगे बढ़ाने व समाज हित मे कार्य करने पर जोर दिया।

# खेल-खेल में बच्चों को सिखाएं, उपलब्ध वस्तुओं का टूल्स के रूप में करें उपयोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

चेतना विकास मूल्य शिक्षा पर आधारित अभिभावक विद्यालय सांकरी का शुभारंभ मानव कल्याण संस्थान तथा उत्सव पारा सांकरी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। मानव कल्याण संस्थान शाखा उत्सवपारा सांकरी में शिक्षक प्रशिक्षण, अध्ययन गोष्ठी तथा अभिभावक विद्यालय शुभारंभ उत्सव का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में अजय साहू ने अभिभावक विद्यालय के अध्यापिका बहनों को प्रशिक्षण दिया। इस दौरान खेल–खेल में बच्चों को सिखाना, आसपास उपलब्ध वस्तुओं को शैक्षिक टूल्स के रूप में उपयोग करना तथा प्रभावी शिक्षण तकनीक के बारे में बताया गया। इस प्रशिक्षण में विद्यालय की अध्यापिका बहनें टिकेश्वरी निषाद, हेमकीर्तिका, टिकेश्वरी कुंभकार, गीतिका तथा उत्सव पारा परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

■ चेतना विकास मूल्य शिक्षा आधारित अभिभावक विद्यालय में दी गई जानकारी

अध्ययन गोष्ठी में ए. नागराज द्वारा प्रतिपादित मध्यस्थ दर्शन के प्रबोधक सुनीता पाठक दीदीजी सागर मध्यप्रदेश से उपस्थित रहीं। उन्होंने मध्यस्थ दर्शन में प्रस्तावित ग्राम स्वराज व्यवस्था के स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए बताया कि परिवार ही व्यवस्था की मूल इकाई है। यही अखंड समाज सार्वभौम व्यवस्था को सूत्रित करेगा। साथ ही सर्वशुभ में स्वशुभ को देख पाने से ही मानसिकता तथा प्रवृत्ति में परिमार्जन होता है, तभी अपने पराए की दीवार से मुक्त होकर अभ्यता से जीना हो पाता है।

संस्थान का वार्षिक प्रतिवेदन संस्थान की अध्यक्ष रीना साहू द्वारा रखा गया। उत्सव पारा का परिचय व इतिहास गौरीकांता साहू तथा कृष्ण कुमार साहू द्वारा प्रस्तुत किया गया। उसके बाद उत्सव पारा सांकरी से जुड़े सभी 24 परिवारों ने अपना परिचय प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उत्सव पारा परिवार के सदस्य सुशीला, के.के., कृष्ण मोहन पटेल, शिव कुर्रे, लोकेश, धनेश, रोहित एगेश्वरी यदुनंदन, हेमलता, सुरेश, नीरा साच, हीरालाल साव, सुनीता, अमिता सोनवानी, नीलमणि, नलिनी, गोपेश्वर निषाद, हरीश ठाकुर, उग्रसेन, संध्या, प्रवीण, छबिराम, अंवरी समूह के सदस्य चंद्रहास, महावीर, शकुन, हर्षा व बच्चे तथा उनके अभिभावक तथा ग्राम सांकरी के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### हर बच्चे में डालें संस्कारों के बीज : सुचित्र

इस अवसर पर अभिभावक विद्यालय अछोटी की अध्यापिका सुचित्र श्रीवास्तव द्वारा 14 वर्ष अध्यापन के अनुभवों के आधार पर संबोधन, सहयोग, आज्ञापालन तथा नियंत्रण को गतिविधियों के माध्यम से हर बच्चे में संस्कारों से रोपित करने की बात कही। उनके द्वारा स्नेहपूर्ण व्यवहार, प्रेम, वात्सल्य और सकारात्मक भाषा के प्रयोग पर सभी का ध्यान आकर्षण कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अम्बा अमरकंटक से तथा विशेष अतिथि के रूप में सुनीता पाठक, रंजीत भैया, अभिभावक विद्यालय अछोटी से डॉ संकेत ठाकुर भाई व बलवंत, मानव कल्याण संस्थान के संस्थापक गुरु प्रसाद बाबा, अंजलि अवधिया, कल्याणी, प्रभुराम गंगबेर, केशवराम, अंजय, सांवतराम साहू रहें। वक्ताओं ने कहा शिक्षा संस्कार ही जागृति का मूल कार्यक्रम है। चेतना विकास मूल्य शिक्षा के आधार पर ही सभ्य और संस्कारित बच्चे तैयार किया जा सकता है, उसी के माध्यम से ही बच्चा स्वायत्त मानव व समाज मानव बन पाएगा।

# अंचल के सैकड़ों घरों में गूंजा गायत्री मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गायत्री परिवार द्वारा गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ के तहत विभिन्न घरों में गायत्री यज्ञ संपन्न कराया।

वसुधैव कुटुंबकम् और पर्यावरण संतुलन के लिए विश्व में हुए यज्ञीय कार्यक्रम शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशानुसार विश्व शांति, सद भावना और पर्यावरण संतुलन सवर्धन हेतु विश्वव्यापी गृह गृह यज्ञ का आयोजन ऋषि परंपरा को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए अनेक कार्यक्रम संचालित किया गया है।

■ गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ के तहत विभिन्न घरों में दी गई मंत्रों की आहुतियां

जिसके तहत कार्यक्रम में 14 मई को गंगा सप्तमी में गांव और शहर में जल स्त्रोत का संरक्षण का प्रयास, 23 मई से 26 मई तक घर घर यज्ञ और उपासना व 19 मई को वट वृक्ष सिंचन, 19 मई से 21 मई तक तीन दिवसीय कन्या कौशल प्रशिक्षण, युवा जागरण शिविर आयोजन, जीवन जीने की कला योग प्रशिक्षण और यज्ञाचार्य कर्मकांड प्रशिक्षण गुरुर ब्लाक में जिला स्तरीय समारोह आयोजित किया गया।



बैसाख बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर गृह-गृह यज्ञ और उपासना का आयोजन मातृ शक्ति श्रद्धांजलि कार्यक्रम के अंतर्गत 24 लाख नए घरों में सम्पन्न कराने का लक्ष्य था, जिले के सभी ब्लाक को 1200 घरों का लक्ष्य दिया गया था।

बालोद शहर हीरक मंडल समन्वयक आरपी यादव ने बताया कि आमापारा में 18, शिकारी पारा 5, कुंदरु पारा 12, पांडे पारा 16, सिंधी कालोनी बस स्टैंड कुर्मी पारा 32, नया पारा 6, पाररास रेलवे कालोनी 1, शंकर नगर 1 कुल 91 घरों में और ग्रामीण क्षेत्र में 65 घरों में देव स्थापना कर यज्ञ सम्पन्न कराया गया। ग्रामीण स्तर पर झलमला 22, भेगारी 3, चारवाही 20 और करहीभदर में 20 कुल 65 घरों में दशरथ कलिहारी और लोचन गुरुजी समन्वयक का विशेष योगदान रहा।

**कराए गए विभिन्न संस्कार :** उल्लेखनीय है कि इसी अवधि में विभिन्न संस्कार जन्म दिवस 3, विद्या आरंभ 2, गृह प्रवेश 1 तथा 3 गर्भवती महिलाओं का पुंसवन संस्कार किया गया। बालोद शहर में कुमारी साहू, टीआर साहू, त्रिलोक गुरुजी, मानिकपूरी, हेमवती सिहरे परिवार आरपी यादव, पुष्पा यादव, दिलेश्वरी, योगिता योगी, श्यामकली तिवारी, अलखराम पुजारी, शिवकुमार कलिहारी, वृंदा साहू, मोहन सर्वा का सहयोग रहा।

# जब भी अवसर मिले पौधे जरूर लगाएं : उमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

थाना रनचिरई की थाना प्रभारी उप निरीक्षक उमा ठाकुर ने अपने स्टाफ प्रधान आरक्षक युगल किशोर और आरक्षक तीरथ ध्रुव के साथ ग्राम चाराचार में सोमवार को ग्रामीणजनों की उपस्थिति में तालाब किनारे पांच प्रकार के फल और छायादार पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

■ रनचिरई थाना प्रभारी ने चाराचार में तालाब किनारे किया पौधा रोपण

थाना प्रभारी उमा ठाकुर ने कहा कि पर्यावरण को बचाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है और जगह जगह वृक्षारोपण कर हम हमारी जिम्मेदारी को पूरा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जब भी समय मिले अपने व्यस्ततम कार्यों से मुक्त होकर पर्यावरण के प्रति अपना कर्तव्य ज़रूर निभाना चाहिए। इस अभियान में ग्राम चाराचार के ग्रामीण अध्यक्ष घनश्याम टंडन, उपाध्यक्ष मोती सोनी, महाबली चौहान, रोजगार सहायक दुलारी, बिहान समूह अध्यक्ष सुनीता पटेल एवं अन्य सदस्य के साथ बहुत से संख्या में ग्रामीण बुजुर्ग, महिला, बच्चे और युवा उपस्थित थे।



### 400 से ज्यादा औषधीय गुण वाले पौधे

बता दें कि ग्राम चाराचार ग्रामीणों की पर्यावरण के जागरूकता के कारण प्राथमिक शाला परिसर इस भीषण गर्मी में भी आपको हरा-भरा दिख जाएगा। इसके लिए स्कूल को कई बार जिले स्तर पर पुरस्कार भी प्राप्त हो चुके हैं। यहां सैकड़ों अलग अलग पेड़ पौधे रोपे गए हैं। इनमें फल, फूल, छायादार तथा इनमें से 400 से ज्यादा औषधि गुण वाले पौधे हैं, जिनके उपयोग के लिए आज भी दूर गांव से लोग अपनी जरूरत के हिसाब से पहुंचते हैं और लाभ पाते हैं।

Health Town

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

एकता हॉस्पिटल एवं पैथालॉजी सेंटर
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल धमतरी
बिजली ऑफिस, नहर के पास, रायपुर रोड धमतरी मो : 7067576396, 8319272982
ESIC CARD सुविधा उपलब्ध
आईसीयू, एम्बुलेंस व डिजिटल एक्सरे सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध
हड्डी रोग
मस्तिष्क रोग
कार्डियोलॉजिस्ट
डेंटल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जरी
प्लास्टिक सर्जरी
यूरोलॉजी की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान भारत से इलाज की सुविधा उपलब्ध

# मधुर साहित्य परिषद के स्थापना दिवस पर 6 पुस्तकों का किया जाएगा विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

मधुर साहित्य परिषद जिला बालोद की साहित्यिक संगोष्ठी गायत्री मंदिर परिसर डौन्डी लोहारा में आयोजित की गई। संगोष्ठी के दौरान परिषद की साहित्यिक साझा पत्रिका 'अनहद' के विमोचन के लिए अतिथि, तिथि, स्थान चयन एवं अन्य रूपरेखा को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। चर्चा के दौरान यह निर्णय लिया गया कि पत्रिका का विमोचन मधुर साहित्य परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर 28 जुलाई को किया जाएगा। इस दौरान कुल 6 पुस्तकों का विमोचन किया जाएगा। इनमें परिषद की साझा पत्रिका 'अनहद' के साथ ही परिषद के अध्यक्ष डॉ.अशोक आकाश की हिन्दी प्रलम्ब गीति काव्य 'मदिरालय, वरिष्ठ साहित्यकार देवनारायण नगरिया का हिन्दी काव्य संग्रह 'फिर बोल उठी' संतराम सलामें की 3 पुस्तकें हिंदी काव्यधारा 'निर्झर' व 'यथार्थ' तथा छत्तीसगढ़ी काव्यधारा 'सुरता' शामिल होंगे।

**खास बातें**

- परिषद द्वारा आयोजित साहित्यिक संगोष्ठी में लिया गया निर्णय
- कवियों ने कविता पाठ के माध्यम से दिया सुंदर संदेश



**रद्दा म काँटा झन बों, तहु गड़बे दूसरो गड़ जाही :** संगोष्ठी के बाद काव्य गोष्ठी की शुरुआत हुई, जिसका संचालन वीरेन्द्र अजनबी ने किया। काव्य गोष्ठी की शुरुआत संतराम सलामे ने छत्तीसगढ़ के माटी की महिमा बताते हुए मैं भरत भुंईया के छाती आंव, छत्तीसगढ़ के माटी आंव सुनाकर की। परिषद के अध्यक्ष डॉ.अशोक आकाश ने अपनी आगामी पुस्तक 'मदिरालय' से कुछ व्यंगात्मक कड़ियाँ सुनाकर सुंदर संदेश दिया। मधुर साहित्य परिषद् को डौं.लोहारा तहसील अध्यक्ष कन्हैया लाल बारले ने अपनी कविता बाँबी सुनाकर महानगरों में बन रहे बहुमंजिला घरों को बाँबी की संज्ञा देते हुए भौतिक संपदाओं के व्यर्थ दोहन पर चिंता व्यक्त की। कवियित्री हर्षा देवांगन ने श्री राम प्रभु पर कविता सुनायी। वीरेंद्र अजनबी ने अपने चुटीले अंदाज में बढ़ती बेरोजगारी पर निशाना साधते हुए व्यंग्यात्मक शैली में छत्तीसगढ़ी कविता प्रस्तुत की। परिषद के महासचिव देव जोशी गुलाब ने हमु चाहथन जी मीठ-मीठ बोलना, सुनाकर शासन की योजनाओं पर कटाक्ष किया। अंत में देवनारायण नगरिहा ने पर हित सरिस धर्म नहीं भाई का संदेश देते हुए रद्दा म काँटा झन बों, तहु गड़बे दूसरो गड़ जाही सुनाकर सार्थक संदेश दिया। आभार प्रदर्शन देव जोशी गुलाब ने किया।

## खबर संक्षेप

### खेरथा बाजार स्कूल में लगा समर कैंप

**देवरीबंगला।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खेरथा बाजार के समर कैम्प में बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया जा रहा है। सोमवार को समर कैम्प में बच्चों को समाचार पत्र के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों को समाचार पत्र को किस प्रकार से पढ़ना चाहिए जिससे उसके पठन कौशल का विकास हो सके इस संबंध में जानकारी दी गई। इसके साथ ही साहित्यकार पदुम लाल पुन्ना लाल बक्शी के जीवन एवं साहित्य के बारे में बताया गया। इस समर कैम्प में मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक वाई एल सिन्हा व्याख्याता पी. एस सोरी, एके शाकार, एसपी रावटे, एससी सोनी, सहायक शिक्षक विज्ञान एके चौहान, शिक्षक रागनी देवांगन, एवं नीलम देवांगन उपस्थित थे।

### रानाखुज्जी में लगा संकुलस्तरीय समर कैंप



**डौंडीलोहारा।** संकुल केंद्र रानाखुज्जी में संकुल स्तरीय समर कैंप के प्रथम दिवस में विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से प्राचार्य आर के इंदौरिया, सीएसी भागवत इंदौरिया , प्रधान पाठक रानाखुज्जी बलराम सोनकर, आलीवारा पृथ्वीपाल सिंह मंडावी, डुमरघुंचा माधुरी निषाद सेजेस रानाखुज्जी से व्याख्याता बी.एस.बढेन्द्र ,के.एस.भुआर्य, डोमेन्द्र भुआर्य , सिन्हा मैडम,खुशी मैडम, पूर्व माध्यमिक शाला रानाखुज्जी से प्रधान पाठक एस आर ठाकुर, शिक्षक पारसमणी ठाकुर खिलेन्द्र ठाकुर, नीता मानिकपुरी, रंजीता देवांगन उपस्थित रहे ।

### प्रतिबंध के बावजूद जलाई जा रही पराली...



**गुरूर।** सरकार द्वारा वायु प्रदुषण कम करने के लिए खेतों में पराली जलाने पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद भी ग्रामीण अंचल में खेत में पराली को अंधाधुंध जलाया जा रहा है।

## समर कैंप के तहत स्वामी आत्मानंद विद्यालय बालोद के विद्यार्थियों को मिला नया अनुभव

# बच्चों ने पर्यावरण पार्क का किया भ्रमण औषधीय पौधों के बारे में ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद के विद्यार्थियों ने समर कैम्प के छठवें दिन प्राचार्य अरुण कुमार साहू के नेतृत्व में पर्यावरण पार्क का भ्रमण किया।

ईको पार्क सायकिल हाईकिंग कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताया कि भविष्य की पीढ़ी को वन प्रबंधन एवं पर्यावरण चुनौतियों के प्रति जागरूक करना हमारी जिम्मेदारी है। छात्रों में उत्तरदायित्व की भावना के विकास से एक बेहतर कल का निर्माण कर सकते हैं, उन्हें औषधीय पौधों, वृक्षों, झाड़ियों, जड़ी बूटियों की जानकारी दी जानी चाहिए, ताकि छोटी बीमारियों का घरेलू उपचार सीख सकें। भ्रमण के दौरान औषधीय पार्क में रोपित लगभग 60 से अधिक औषधीय पौधों से परिचित हुए एवं उनके औषधीय गुणों को जाना, जिनमें तिखुर, रक्तबिडार, भूलन कांदा, कालमेघ, सफेद मुसली, शतावर, अश्वगंधा, मालकांगनी, सर्पगंधा, गुड़मार, कलिहारी, गिलोय, ब्राम्ही, अपराजिता, जंगली हल्दी के उपयोगी भाग एवं उपचार संबंधी जानकारी प्राप्त की।

इस दौरान इको क्लब प्रभारी शिक्षक रोमेंद्र देवांगन ने बच्चों के जिज्ञासाओं का समाधान करने का प्रयास किया, फिर साल जोन, कैक्टस जोन, बैम्बू सेटम, नेचर ट्रेल का भ्रमण किया। चिल्ड्रन कैम्प में शिक्षकों एवं बच्चों ने झूले का मजा लिया साथ ही मल्टी एक्टिविटी एडवेंचर में भाग लिया। डेम के समीप निर्मित वॉच टावर से सभी ने प्रकृति के नैसर्गिक सौन्दर्य का आनंद लिया।

### शिक्षकों ने किया मार्गदर्शन

संपूर्ण कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक नेम सिंह साहू, मनोरमा कुंभज, शैलेन्द्री साहू, पुष्पांजलि पाण्डे, रुखमणी ठाकुर बच्चों का मार्गदर्शन करते रहे। फिर भूल भुलैया में नेचर वॉक करते हुए बच्चों, शिक्षकों एवं प्राचार्य के बीच शैक्षिक संवाद जारी रहा। अंत में प्राचार्य ने सभी छात्रों से फीडबैक लिया, पर्यावरण एवं पेड़ पौधों के महत्व को समझाया एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए छात्रों के व्यक्तिगत सहभागिता के लिए प्रेरित किया।

## निबंध में युक्ति, चित्रकला में हिमेश, गायन में खुशी और हस्तलेखन में मीरा प्रथम




**बालोद।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला चिल्हाटीकला में ग्रीष्मकालीन अवकाश में 20 से 29 मई तक समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर बच्चों को शिक्षकों के मार्गदर्शन में चित्रकला, निबंध लेखन, हस्तलेखन, गायन, वादन, कहानी लेखन, नृत्य, खेलकूद, अपने गांव, शहर का ऐतिहासिक परिचय एवं सड़क सुरक्षा ज्ञान विषयों पर रचनात्मक गतिविधियां शाला स्तर पर कराया जा रहा है।

शाला स्तर से चयनित बच्चों का शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़गांव में संकुल स्तरीय समर कैंप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिल्हाटीकला से मीरा कक्षा 8वीं हस्तलेखन में प्रथम, युक्तिबाला कक्षा 8वीं निबंध लेखन में प्रथम, हिमेश कक्षा 7वीं चित्रकला में प्रथम, खुशी साहू कक्षा 7वीं गायन में प्रथम, एवं क्रांतिलाल पटेल कक्षा 7वी वादन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उसी तरह प्राथमिक शाला चिल्हाटीकला से गीतिका साहू कक्षा 5वीं चित्रकला में प्रथम, हेमलता कक्षा 5वीं निबंध लेखन में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

उपरोक्त सभी बच्चों का चयन 30 मई को विकास खण्ड स्तरीय समर कैंप प्रतियोगिता के लिए किया गया। इन चयनित बच्चों को मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक रमन लाल धनेन्द्र एवं प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक राजेश यादव व चिलहाटीकला स्कूल के सभी शिक्षक, बच्चे व पालक उपस्थित थे।

## अभा हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज का स्थापना दिवस समारोह 9 जून को



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

अखिल भारतीय हल्बा, हल्बी आदिवासी समाज 36 गढ़ केंद्रीय अध्यक्ष डॉ देवेंद्र माहला के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने मंत्री रामविचार नेताम से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें 9जून को आयोजित 84वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने का निमंत्रण दिया।

- कार्यक्रम में शामिल होने मंत्री रामविचार नेताम को दिया निमंत्रण

डॉ देवेंद्र माहला ने बताया कि अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज 36गढ़ केंद्रीय महासभा का 84वां स्थापना दिवस समारोह 9 जून को बालोद जिले के देवरी ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पिनकापार में आयोजित किया जाएगा। बता दें कि अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र माहला केन्द्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में महासभा मुख्यालय में बैठक हुई जिसमें कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। इसके तहत कार्यक्रम के प्रथम सत्र में कक्षा 10वीं व 12वी में 80 प्रतिशत से ज्यादा अंकों के साथ उत्तीर्ण समाज के छात्रा-छात्राओं तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित अभ्यर्थियों का सम्मान किया जाएगा।

इसके साथ ही समाज के कर्मचारियों, सामाजिक पदाधिकारी, किसान, व्यापारी का सम्मान किया जाएगा। वहीं, दूसरे सत्र में सामाजिक व्यवस्था रीति रिवाज जन्म विवाह मृत्यु संस्कारों पर चर्चा की जाएगी। माननीय मंत्री जी मिले डॉक्टर देवेन्द्र माहला केन्द्रीय अध्यक्ष गिरवर ठाकुर महामंत्री संभू ठाकुर सचिव ईश्वर भूआर्य न्याय समिति सदस्य राम लाल नायक ब्लॉक अध्यक्ष खेरथा देवरी अन्य समाजिक कार्यकर्ता पदाधिकरी रहे उपस्थित

## विद्यार्थियों को विभिन्न खेल व विधाओं का दिया गया प्रशिक्षण





**डौंडीलोहारा।** संकुल केंद्र कोबा में संकुलस्तरीय समर कैंप का आयोजन किया गया। इसमें संकुल केंद्र के अंतर्गत 4 प्राथमिक, 4 पूर्व माध्यमिक शाला एवं एक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोबा के विद्यार्थी शामिल हुए। शिविर के दौरान संपूर्ण विद्यालयों में विभिन्न खेलकूद, रंगोली, गायन, वादन, केरियर गाइडेंस, निबंध लेखन तथा भाषण कौशल सहित विभिन्न प्रतिभाओं को निखारने का प्रयास किया गया।राजेंद्र कुमार देवांगन व्याख्याता एवं संकुल समन्वयक तीरेन्द्र कुमार साहू ने बताया कि समर कैंप में सभी शिक्षक एवं सहमति दाता विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संकुल प्राचार्य एवं प्रभारी आरके देशमुख थे, अध्यक्षता बीसी देशलहरा प्रधान पाठक माध्यमिक शाला कोबा ने किया। अतिथियों ने उपस्थित सभी शिक्षकों, पालकों एवं विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। शिविर को सफल बनाने में व्याख्याता केआर ठाकुर, वायके नायक, ओ.पी. केसरा, आर.के.देवांगन, प्रीति नायक, सीएसी तीरेन्द्र कुमार साहू, प्रधान पाठक प्रेम सिंह कोलियारे, खिलेश्वर प्रसाद जोशी, परसराम कोठारी, डोमार सिंह देशमुख शिक्षक साथी गण सुदामा गेंदें, केशवराम सहारे, हेमंत साहू, खेमन्त साहू, टिकेश्वरी हरदेल, बरखा साहू, यादव राम साहू, वीरेंद्र साहू, अनिल टांडिया, दीपक चंद्राकर, उगेश देशमुख, ज्वाला राम रावटे, मोतीलाल पिस्दा, पूनम चंद्राकर, खिलेश कुमार साहू विद्यालय स्टाफ कामदेव साहू, टुनेंद्र कुमार बंजारे, गोपाल प्रसाद निषाद, सुषमा देशमुख का सराहनीय योगदान रहा।

- शासकीय विद्यालय कोबा में हुआ संकुलस्तरीय समर कैंप का आयोजन

## मरदेल स्कूल में समर कैंप के माध्यम से बच्चे सीख रहे विविध गतिविधियां



**डोंडी।** जिला एवं विकासखंड डौंडी शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन में 20 मई से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मरदेल में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। शाला के सभी स्टाफ के सहयोग से आयोजित समर कैंप में प्रतिदिन सुबह 7 से 9.30 बजे तक बच्चों को रंगोली, चित्रकला, अभिव्यक्ति कौशल, मेहंदी, गांव का इतिहास, मिट्टी से वस्तु निर्माण जैसी विविध गतिविधियां कराई जा रही हैं। कबाड़ से जुगाड़, टीएलएम और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी एवं प्रस्तुतिकरण भी सिखाया जा रहा है।

इस बीच समर कैंप के साथ ही शाला की शिक्षिका मोना रावत ने गांव में रैली निकालने के साथ ही घर-घर जाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रही हैं। वे ग्रामीणों से आने वाले बरसात के मौसम में अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण का आह्वान कर रही हैं। इसी तरह दीवार लेखन के माध्यम से भी ग्रामवासियों को पौधे लगाने एवं उनके संरक्षण व संवर्धन के लिए जागरूक किया जा रहा है। ग्रामीणों से मुलाकात के दौरान शिक्षिका मोना रावत ने कहा कि खाए हुए आम, जाम, जामुन की गुठलियों को बरसात आने पर कुछ-कुछ दूरी में रख दें, ताकि वे स्वयं अंकुरित होकर पेड़ का रूप ले लेंगे। इससे पर्यावरण के संरक्षण में मदद मिल सकेगी।

## दाऊ कुर्मी प्यारेलाल बेलचंद स्कूल तिरगा में बच्चे सीख रहे विविध कलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



दाऊ कुर्मी स्व. प्यारेलाल बेलचंदन शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला तिरगा में समर कैंप के दौरान बच्चों को स्लोगन, लेखन, चित्रकला, अंग्रेजी में कर्सिव राइटिंग, स्पोकन इंग्लिश के साथ ही व्याकरण से संबंधित जानकारी दी गई।

इसके साथ ही कहानी लिखना और सुनाना सिखाया जा रहा है। वहीं, चित्रकला, रंगोली, मेहंदी का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं, बच्चों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुकता लाने का भी प्रयास किया गया। इसके तहत बगवानी के दौरान बच्चों ने एक-एक पौधा लगाया। इको क्लब के बच्चों ने लोगों को जल संरक्षण एवं पेड़-पौधों का महत्व बताया। प्राचार्य ने बच्चों को व्यक्तित्व विकास के गुण के बारे में बताया। इसके साथ ही योग एवं आसन के द्वारा बच्चों में याददाश्त और सीखने की क्षमता को बढ़ाने के उपाय बताए गए। इसी तरह सिलाई क्लास के दौरान विभिन्न प्रकार के कुर्ता, फ्रॉक, ब्लाउज के डिजाईन बताए गए। प्राचार्य पुष्पा रामटेके एवं समस्त शिक्षक स्टाफ की उपस्थिति में बच्चों के लिए विविध गतिविधियाँ कराई जा रही हैं।

## 10वीं-12वीं के बच्चों को दिया गया करियर मार्गदर्शन

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत जंजगिरी में 10वीं और 12वीं के सभी बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। सभी बच्चों को उनकी जीवन शैली, कैरियर के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही गांव के प्रथम अग्निवीर गुणेश्वर देशमुख की माता अनिता देशमुख को शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया। मार्गदर्शक रितिक नाग एवं श्री देवांगन, सहयोगी सेवानिवृत्त टीचर कमल सुकतेल, अमर ज्योति सुकतेल, चंद्रिका प्रसाद देशमुख को भी सम्मानित किया गया। इस आयोजन के लिए सरपंच रेखा अजय चतुर्वेदी का आभार व्यक्त किया गया।



### क्षेत्रीय विधायक के निर्देश पर पीएचई द्वारा किया गया नया बोर खनन

# थनौद के ग्रामीणों की पानी की समस्या से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा





दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के निर्देश पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्राम थनौद में नवीन बोर खनन किया गया। इससे ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से कुछ राहत मिली है। विधायक ललित चंद्राकर ने बताया कि भीषण गर्मी के चलते गांव में जल संकट गहराने लगता है। जल स्तर काफी नीचे चले जाने से ग्रामीणों को पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई थी। इसके कारण लगातार पानी की समस्या के संबंध में ग्रामवासियों की शिकायतें मिल रही थीं। समस्या को देखते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को समस्या का समाधान करने को कहा गया। जिन गांवों पानी की ज्यादा समस्या है, वहां नया बोर खनन के निर्देश दिए गए थे। वहीं, खराब पंपों को तत्काल सुधारने तथा कुछ स्थानों पर टैंकर के माध्यम से पानी पहुंचाने को कहा गया था। निर्देश के बाद लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा गांव में पेयजल की समुचित व्यवस्था की जा रही है। इसके तहत ग्राम थनौद में नया बोर खनन किया गया जिसमें पर्याप्त मात्रा में पानी मिला है।

### मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी पहली प्राथमिकता : चंद्राकर

विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि क्षेत्र का विकास और जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी पहली प्राथमिकता है और इस दिशा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार लगातार कार्य कर रही है। पीएचई के अभियंता उत्कर्ष पाण्डे ने बताया कि गर्मी के दिनों में वाटर लेवल नीचे चले जाने से पानी की समस्या उत्पन्न हो रही है। इसे ध्यान में रखते हुए जिन-जिन गांवों में पानी की ज्यादा समस्या है, वहां नया बोर खनन किया जा रहा है। बोर खनन किए जाने पर मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, सरपंच भागेश्वरी धन्नु गौतम, बूथ अध्यक्ष रघुनाथ देशमुख, टेक सिंह साहू, गिरधर निषाद, यामिनी हरमुख, नेमी दिल्लीवार बूथ संयोजक, सह संयोजक डा.राजेश्वर यादव, तारक सिन्हा, हर्ष गिल्हरे, मानसिंग देशमुख सहित अन्य ग्रामीणों ने विधायक एवं पीएचई का आभार व्यक्त किया है।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा, शरीर में होने वाले सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, नस रोग
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+ 5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411